>

Title: Need to expedite repair work on the National Highways No. 76 and 75 in Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): महोदय, झांसी से मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 76 और ग्वालियर -. .रीवां में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 75, इन दोनों ही राजमार्गों की स्थिति बहुत खराब है। विशेष रूप से नौगांव के पास देवपुर तिगला के आगे स्थिति बहुत ही गंभीर है। ठेकेदार द्वारा काम प्रारंभ किया गया लेकिन छः महीने से वह काम बंद पड़ा है। इस मार्ग पर ओरछा-खजुराहो बहुत ही महत्व के पर्यटन केन्द्र हैं। यहाँ पर वाहनों का बहुत ज्यादा दबाव होने के कारण अक्सर जाम लगा रहता है। 2010-11 में झाँसी से निवाड़ी-छतरपुर खजुराहो हाईवे मार्ग को फोर लेन एक्सप्रैस हाईवे बनाने की स्वीकृति दी गई थी। 178 किलोमीटर मार्ग के निर्माण के लिए ज़मीन के अधिग्रहण की कार्रवाई भी हो गई। संबंधित लोगों को मुआवज़ा देने के आदेश भी हो गए थे। संबंधित लोगों को मुआवज़ा देने के आदेश के बावजूद भी इस मार्ग पर कुछ समय तक काम चला और उसके बाद से यहाँ रहने वाले लोग मुआवज़े के लिए भटक रहे हैं।

मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग 75 और 76 की मरम्मत का काम शीघ्रातिशीघ्र पूरा कराए जाने के साथ ही साथ जो फोर लेन एक्सप्रैस हाईवे है जो कि ओरछा-खजुराहो में झाँसी से खजुराहो तक जाना है, इस फोर लेन एक्सप्रैस हाईवे का काम भी शीघ्रातिशीघ्र कराया जाए ताकि दुनिया भर से हमारे यहाँ खजुराहो में आने वाले पर्यटकों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। **...**(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 14.15 hours.

13.17 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen Minutes

past Fourteen of the Clock.